**फा. सं. ऐरा/20010/एमवाईटीपी/ एएआई-भुवनेश्वर/सीपी-II/ 2023-28**

**भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण**

*****

**ऐरा भवन,**
**प्रशासनिक कॉम्पलेक्स,**
**सफदरजंग हवाईअड्डा,**
**नई दिल्ली-110003**

**दिनांक : 10 जनवरी, 2024**

**सार्वजनिक सूचना संख्या 29/2023-24**

**सेवामें,**

**राज्य सरकार/सभी हवाईअड्डा प्रचालक/ सभी स्वतंत्र सेवा प्रदाता/ पंजीकृत कार्गो ट्रेड निकाय/ एयरलाइन/ तेल कंपनियां एवं अन्य हितधारक**

**विषय: हितधारक परामर्श बैठक (वर्चुअल बैठक)**

1. ऐरा की वेबसाइट पर अपलोड किए गए निम्नलिखित परामर्श पत्र की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

| **परामर्श पत्र संख्या और दिनांक** | **विषय** | **लिखित टिप्पणियों की अंतिम तारीख** | **हितधारक परामर्श बैठक की तारीख एवं समय** |
|---|---|---|---|
| दिनांक 05.01.2024 का परामर्श पत्र संख्या 22/2023-24 | भुवनेश्वर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा (बीबीआई) के लिए द्वितीय नियंत्रण अवधि (01 अप्रैल, 2023 से 31 मार्च, 2028) के लिए वैमानिक टैरिफ निर्धारित करने के मामले में | **05.02.2024** | **मंगलवार, दिनांक 16 जनवरी, 2024 को पूर्वाह्न 11.00 बजे वर्चुअल माध्यम से** |

2. सभी हितधारक **वर्चुअल माध्यम से मंगलवार, 16 जनवरी, 2024 को पूर्वाह्न 11.00 बजे** निर्धारित हितधारक परामर्श बैठक में प्रस्तावित परामर्श पत्र पर अपने विचार व्यक्त करने के लिए आमंत्रित हैं।

3. हितधारक प्रस्तावित वर्चुअल बैठक के लिए अपने प्रतिनिधि (अधिकतम दो प्रतिभागी) नामित कर सकते हैं।

4. इस संबंध में प्रतिभागी के नाम, मोबाइल नम्बर और ई-मेल पते के साथ पुष्टि कृपया **15.01.2024** को **अपराह्न 2:00 बजे** तक निम्नलिखित ई-मेल पर भेज दें:

| क्र. सं. | नाम | ई-मेल आईडी |
|---|---|---|
| 01 | श्री राम कृष्ण,<br>निदेशक (नीति एवं सांख्यिकी) | director-ps@aera.gov.in |
| 02 | श्री सतीश कुमार,<br>उप महाप्रबंधक (वित्त) | satish.kr@aera.gov.in |

5. बैठक का लिंक 15.01.2024 को सभी पुष्टिकृत प्रतिभागियों के साथ शेयर किया जाएगा।

**आपका,**

**(राम कृष्ण)**
**निदेशक नीति एवं सांख्यिकी)**